**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.16/14/

27 सितंबर 2024

## प्रेस विज्ञप्ति

प्रख्यात कवि, लेखक और विद्वान श्री केकी एन. दारूवाला का 26 सितंबर 2024 को निधन हो गया। साहित्य अकादेमी उनके आकस्मिक निधन पर अत्यंत शोकग्रस्त है और अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। आधुनिक भारत के प्रसिद्ध कवियों में से एक, श्री केकी अमूर्त को मूर्त रूप देने में माहिर, एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। उनकी कविताएँ एक दर्पण की भाँति होती थीं और जब भी कोई उनकी कविताओं को पढ़ता था, तो वह दर्पण हमारे सामने आ जाता था। उस दर्पण में समाज का असली यथार्थ होता था, और कवि का स्वर सदैव आधुनिक तथा मौजूदा जीवन में नीतिपरक एवं नैतिक मूल्यों के ह्रास को उजागर करता था। श्री केकी दारूवाला असाधारण रूप से एक कुशल और निपुण कवि थे, जिनकी कविताओं ने दुनिया भर के हज़ारों साहित्य प्रेमियों पर गहरा प्रभाव डाला। उनकी कविताओं में मौजूद सार्वभौमिक तत्वों और मूल्यों ने उनकी कृतियों को कई देशों के लोगों के लिए आकर्षण का हेतु बना दिया। उन्हें वास्तव में एक वैश्विक कवि के रूप में समादृत किया जा सकता है। भले ही श्री केकी दारूवाला ने अपनी नश्वर देह त्याग दी हो, किंतु वे अपने पीछे एक प्रभावशाली साहित्यिक विरासत छोड़ गए हैं, जो सदा हमारे साथ रहेगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : https://sahitya-akademi.gov.in